हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
7 अक्टूबर 2023, बरेली



# सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

- 12 तक चलने वाली स्पर्धा में देश के 1353 खिलाड़ी होंगे शामिल
- पहले दिन स्टेडियम और एसआरएमएस में मुकाबले शुरू हुए

**बरेली, मुख्य संवाददाता।** डॉ. अखिलेश दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुक्रवार को शुभारम्भ हो गया। 12 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में देश भर के 1353 शटलर हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन स्टेडियम और एसआरएमएस में क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले शुरू हुए हैं। यह मुकाबले 8 अक्टूबर तक चलेंगे। नौ से 12 अक्टूबर तक मुख्य ड्रा के मुकाबले स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहले दिन एकल मुकाबलों के पहले राउंड में उत्तर प्रदेश के नलिन किशोर, आयुष राज गुप्ता, अर्पित सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, केविन, ईशान चावला और शिवांश गोस्वामी ने जीत हासिल की। हर्षित ठाकुर, अभिषेक, सुभाजित, दिवाकर कार्की, विष्णु किरण, ऋषभ जैन, सहज त्यागी, दर्शन, अभिषेक एंटोनी, अमन कुमार आदि ने भी जीत हासिल की।

महिला वर्ग में सुनीति, अनिशा, कृष्णा, दुर्गा रानी, नैंसी, जसमीत कौर, तनीषा सिंह आदि ने अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले सीडीओ जग प्रवेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। अध्यक्ष डीएल खट्टर और सचिव अनिल मेहरोत्रा ने सीडीओ व आरएसओ जितेंद्र यादव का स्वागत किया। जगदीश खंडेलवाल, बसंत चतुर्वेदी, गौरव भसीन, सुनील शर्मा, श्रीकुमार अग्रवाल, राकेश टंडन आदि मौजूद रहे। एसआरएमएस में अध्यक्ष देव मूर्ति ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

स्टेडियम में सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का सीडीओ ने शुभारंभ किया।